Title: Need for construction of an overbridge on railway crossings at Bhoete Nagar and Mukayee Nagar in Jalgaon Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री वाई. जी. महाजन (जलगांव) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र का मुख्यालय जलगांव - मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले भुसावल मंडल का प्रमुख रेल जंक्शन स्टेशन है तथा जिले का मुख्यालय भी है, जिसकी आबादी करीब 4 लाख की है। जलगांव में मुम्बई की ओर जाने वाली मध्य रेल लाइन पर भोइटे नगर के निकट तथा सूरत की ओर जाने वाली पश्चिम रेल लाइन पर मुक्ताइनगर के निकट ऐसे दो रेल क्रॉसिंग फाटक हैं। रेलगाड़ियों के गुज़रने के कारण ये रेलवे फाटक घंटों बंद रहते हैं और सड़क यातायात बंद हो जाता है, जिसके कारण क्षेत्र के निवासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मध्य और पश्चिम रेल लाइनों पर स्थित ये दोनों रेलवे क्रॉसिंग पास-पास हैं तथा दोनों पर एक ही उपरि पुल बनाने की अति आवश्यकता है। इससे क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी।

इन रेलवे क्रॉसिंगों के कारण क्षेत्र के नागरिकों को हो रही कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए हाल ही में जलगांव नगर निगम और मध्य रेल के इंजीनियरों ने इन रेलवे क्रॉसिंगों का संयुक्त निरीक्षण भी किया है।

अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूँ कि जनहित में मेरे संसदीय क्षेत्र जलगांव के अंतर्गत आने वाले उपरोक्त दोनों रेलवे क्रासिंगों पर एक ही उपरि पुल के निर्माण किये जाने हेतु आवश्यक निर्देश पारित करने का कट करें।